हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, बुधवार 13 मई 2026

11 ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



12 मानवता की सच्ची सेवा का प्रतीक हैं नर्स : डॉ. महिपाल



## खबर संक्षेप

### उपचुनाव की मतगणना आज, तैयारियां पूरी

**झज्जर।** राज्य चुनाव आयोग हरियाणा के निर्देशानुसार नगर परिषद झज्जर वार्ड 13 के उपचुनाव के चलते बुधवार सुबह आठ बजे से मतगणना करवाई जाएगी तथा परिणाम तुरंत घोषित किया जाएगा। मतगणना को लेकर जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक तैयारियां की गई हैं। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि कॉउंटिंग के चलते मतगणना स्टाफ की रेंडमाइजेशन प्रक्रिया नियमानुसार पूरी करवाई गई है। उन्होंने बताया कि चुनाव की पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बनाए रखने के लिए रेंडमाइजेशन महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। यह प्रक्रिया पूरी तरह से कंप्यूटरीकृत होती है। उन्होंने बताया कि नगर परिषद झज्जर वार्ड 13 में कुल 2473 मतदाता हैं जिनमें से रविवार को 1727 वोटरों ने मतदान में भाग लिया था। वहीं, अन्य जगह हुए उपचुनाव के नतीजे भी बुधवार को घोषित किए जाएंगे।

### बहादुरगढ़ में प्रवास करेंगे मुनि श्री अनुसरण सागर महाराज

**बहादुरगढ़।** अहिंसा परमो धर्म के उद्घोष और आत्म-कल्याण के मार्ग को प्रशस्त करने के लिए संत मुनि श्री 108 अनुसरण सागर महाराज (संसंघ) का बुधवार को लंबे अंतराल के बाद बहादुरगढ़ में आगमन हो रहा है। मुनिश्री की पदयात्रा बुधवार 13 मई को प्रातः 5 बजे रोहद स्थित बालकृष्ण गुप्ता के कार्यालय से प्रारंभ होगी। बहादुरगढ़ शहर की सीमा में प्रातः साढ़े 6 बजे बजे सेक्टर-6 की तीसरी पुलिया के पास श्रद्धालु उनकी अगवानी करेंगे। यहां से बैंड-बाजों, मंगल कलश और जयकारों के साथ एक भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जो नगर भ्रमण करते हुए जटवाड़ा मोहल्ला स्थित पदमप्रभु दिगंबर जैन मंदिर पहुंचेगी। उनके सानिध्य में जैन धर्म के 16वें तीर्थंकर भगवान शांतिनाथ का मोक्ष कल्याणक दिवस अत्यंत श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। इस दौरान 15 मई को प्रातः 6 बजे से मंदिर परिसर में संगीतमय शांति विधान का आयोजन होगा।

### लुहारी में प्राचीन बावड़ी को संरक्षित स्मारक करने की प्रक्रिया शुरू

**झज्जर।** प्रदेश के विरासत एवं पर्यटन विभाग द्वारा जिला के गांव लुहारी स्थित प्राचीन बावड़ी को राज्य संरक्षित स्मारक घोषित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस संबंध में हरियाणा प्राचीन एवं ऐतिहासिक स्मारक तथा पुरातात्विक स्थल एवं अवशेष अधिनियम, 1964 की धारा 4(1) के अंतर्गत प्रारंभिक अधिसूचना जारी की गई है। अधिसूचना का अंतिम ड्राफ्ट सरकार के ई-गजट पोर्टल पर अपलोड किया गया है। लुहारी बावड़ी के संरक्षण, रखरखाव एवं ऐतिहासिक महत्व को सहेजने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा सकेंगे।

### हड़ताल के 12वें दिन आखिरकार प्रशासन ने सफाई के प्रयास किए, लेकिन सिरे नहीं चढ़े

# ठेकेदार गंदगी उठवाने पहुंचा तो जेसीबी के आगे अड़े हड़ताली कर्मचारी, नप टीम लौटी बैरंग



**झज्जर।** कूड़ा उठाने पहुंची जेसीबी के आगे अड़े सफाई कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

नगर परिषद के सफाई कर्मचारी लगातार 12वें दिन भी हड़ताल पर रहे। स्थिति उस समय तनाव पूर्ण हो गई, जब डोर टू डोर कूड़ा क्लेशन की टीम ट्रैक्टर ट्राली और जेसीबी लेकर कूड़ा उठाने पहुंची। सूचना मिलते ही नप सफाई कर्मचारी भी मौके पर पहुंच गए और जेसीबी और ट्रैक्टर ट्राली के आगे अड़ गए। कर्मचारियों ने नारेबाजी करना शुरू कर दिया और कूड़ा नहीं उठाने दिया। काफी देर तक नप कर्मचारी ठेकेदार और उनके कर्मचारियों से उलझते रहे। जिसके कारण ठेकेदार को वापिस लौटना पड़ा।

इकाई प्रधान शिवम चांवरिया ने बताया कि संघ की प्रमुख मांगों में सफाई कर्मचारियों की नियमित भर्ती, ठेका प्रथा समाप्त करना, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना, समान काम समान वेतन, न्यूनतम 30 हजार रुपये वेतन, सेवानिवृत्ति लाभ, फरीदाबाद के फायर ब्रिगेड कर्मचारी रणबीर व भवीचंद तथा स्थानीय नगर परिषद के पेरोल कर्मचारी राजेश की हुई मौत के बाद उसके आश्रितों को उचित मुआवजा व पक्की नौकरी तथा गुरुग्राम के 3480 कर्मचारियों की बहाली शामिल है।

### वत्स ने दिया समर्थन



मंगलवार को बादली से कांग्रेस विधायक कुलदीप वत्स धरना स्थल पर पहुंचे और कर्मचारियों की मांगों को जायज ठहराते हुए मदद का आश्वासन दिया।

### बहादुरगढ़ के मामन विहार में कूड़ा उठवाने आए नप अधिकारी, महिला कर्मियों ने किया जबरदस्त विरोध



**बहादुरगढ़।** मंगलवार शाम को नप की जेसीबी के आगे खड़े सफाईकर्मी।



**बहादुरगढ़।** पुराना कोर्ट परिसर में लगा गंदगी का ढेर।

## पुलिस पहरे में भी नप टीम नहीं उठवा सकी कचरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

सफाई कर्मियों की हड़ताल के बीच मंगलवार को कचरा उठाने पहुंची नगर परिषद की टीम को कर्मचारियों का जोरदार विरोध झेलना पड़ा। मामन विहार क्षेत्र में कचरा उठाने के लिए पहुंची जेसीबी और अधिकारियों की टीम के सामने कर्मचारी अड़ गए और जमकर नारेबाजी की। मौके पर पुलिस बल भी तैनात रहा, लेकिन विरोध के चलते अधिकारियों को पीछे हटना पड़ा। दरअसल, शहर में एक मई से सफाई कर्मचारियों की हड़ताल जारी है। हड़ताल के कारण शहर में जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हुए हैं। इस समस्या को देखते हुए प्रशासन ने कचरा उठाने की योजना बनाई थी। इसी के तहत नगर परिषद के अधिकारी पुलिस बल के साथ मामन विहार पहुंचे थे। टीम के पहुंचने की भनक लगते ही हड़ताली कर्मचारी भी मौके पर पहुंच गए। कई महिला कर्मचारी जेसीबी पर चढ़ गईं और कार्रवाई का विरोध करने लगीं। कर्मचारियों ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। अधिकारियों और पुलिस ने कर्मचारियों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे शांत नहीं हुए। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि यह उनके पेट की लड़ाई है और वे शांतिपूर्ण तरीके से हड़ताल कर रहे हैं। यदि प्रशासन इस तरह की गतिविधियां करेगा तो कर्मचारी अनुशासन तोड़ने पर मजबूर होंगे।

### शहर के हर चौक-चौराहे पर लगे कूड़े के ढेर, बीमारियों का खतरा

**बहादुरगढ़।** नगर परिषद के सफाई कर्मियों की हड़ताल मंगलवार को 12वें दिन भी जारी रही। हड़ताल के चलते शहर में जगह-जगह कूड़े के ढेर लग गए हैं और गंदगी से हालात बिगड़ते जा रहे हैं। शहर की सड़कों, बाजारों और चौराहों पर फैली गंदगी से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बीमारियां फैलने की आशंका बनी हुई है। वहीं, दूसरी तरफ नगर परिषद के गेट पर धरना देकर लगातार विरोध जता रहे हैं। मंगलवार को कर्मचारियों ने रोहतक-दिल्ली रोड पर प्रदर्शन किया। थाली बजाकर अपना विरोध जताया।

## युवक पर पिस्टल के बट और डंडों से जानलेवा हमला

**बहादुरगढ़।** भापड़ोदा बाईपास पर एक युवक पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पिस्तौल के बट और डंडों से वार किए गए हैं। हमले की वजह अभी स्पष्ट नहीं है। मांडोठी चौकी पुलिस ने दो नामजद सहित अन्य अज्ञातों के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। वारदात भैंसरू के निवासी नितेश के साथ हुई है। नितेश का कहना है कि 11 मई की शाम करीब पौने 6 बजे वह अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर कंपनी से घर लौट रहा था। जब वह झज्जर-सोनीपत रोड स्थित 334बी के पास भापड़ोदा बाईपास पर पहुंचा तो एक काले रंग की स्कॉर्पियो और सफेद आई-20 कार में सवार युवकों ने उसका रास्ता रोक लिया। उनमें से दो युवकों के हाथ में पिस्तौल थी, जबकि अन्य के पास डंडे थे।

आरोपियों ने उसके सिर पर पिस्तौल की बट से वार किए और डंडों से जमकर मारपीट की, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। नितेश ने बताया कि उसने किसी तरह डायल-112 पर कॉल की और अपने चाचा विकास को मौके पर बुलाया। मारपीट के दौरान उसकी हालत बिगड़ गई और वह बेहोश हो गया। इसके बाद परिजन उसे उपचार के लिए सिविल अस्पताल बहादुरगढ़ लेकर पहुंचे। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि इससे पहले भी आरोपी उसे भापड़ोदा बाईपास से अगवा कर नयाबांस डिग्गी के पीछे ले गए थे। इस संबंध में उसने पुलिस को शिकायत दी थी। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। उधर, मांडोठी चौकी पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नक्शा ठीक करने की एवज में मांगे थे 10 हजार

## 7 हजार की रिश्वत लेते कानूनगो गिरफ्तार

- आरोपी तीन हजार रुपये पहले ही वसूल चुका था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर



राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो रोहतक द्वारा कानूनगो को सात हजार रुपये की रिश्वत के साथ मेट सिटी के याकूबपुर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी कानूनगो की पहचान रामबीर के तौर पर हुई है जो बादली हलके में कार्यरत है। उसके खिलाफ राज्य सर्तकता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो रोहतक थाना में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।

जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता व्यक्ति ने में शिकायत देते हुए बताया कि उसकी पत्नी सरोज देवी के नाम खाता शामलात में गांव दादरी तोए में करीब 20 कनाल 5 मरले जमीन है। इस संबंध में नायब तहसीलदार बादली की कोर्ट में जमीन तकसीम का मामला विचाराधीन है। रामबीर कानूनगो द्वारा तकसीम नक्शा (बै) बनाकर कार्यालय नायब तहसीलदार बादली में जमा करवाना था। शिकायतकर्ता का आरोप है कि कानूनगो रामबीर ने गलत नक्शा बनाकर संबंधित कार्यालय में जमा करवा दिया और अब वह ठीक नक्शा बनाकर कार्यालय में जमा कराने की एवज में दस हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा है। इसके लिए उसकी पत्नी सरोज तीन हजार रुपये पहले ही दे ही चुकी है, जबकि वह रिश्वत देना नहीं चाहता। शिकायत के आधार पर स्थानीय राज्य सर्तकता एवं भ्रष्टचार निवारण ब्यूरो की रेडिंग पार्टी तैयार कर आरोपी कानूनगो रामबीर को सात हजार रुपये की रिश्वत के साथ मेट सिटी के याकूबपुर क्षेत्र से रंगे हाथों पकड़ा गया। इस संबंध में नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### नीलगाय सामने आने से बाइक बिजली पोल से टकराई, सवार की मौत

**झज्जर।** गांव साल्हावास के नजदीक हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान जिले के गांव गोरिया निवासी करीब 32 वर्षीय रवीन पुत्र कपूर सिंह के तौर पर हुई है। जांच अधिकारी जगबीर सिंह ने बताया कि रवीन लकड़ी का काम करता था। सोमवार शाम वह बाइक पर सवार होकर पेमेंट लेने के लिए कोसली गया था।



रात करीब साढ़े आठ बजे जब वह कोसली से वापिस गांव लौट रहा था तो साल्हावास व सुधराना के बीच अचानक नीलगाय सामने आने के कारण बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह बिजली के पोल से जा टकराई। इसके बाद रवीन को उपचार के लिए सीएचसी जमालपुर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद स्थानीय नागरिक अस्पताल रेफर कर दिया। जब उसे यहां लाया गया तो चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में परिजनों के बयान पर इत्तिफाकिया कार्रवाई की गई है।

## दवा विक्रेता की दुकान पर फायरिंग में दो गिरफ्तार

- आरोपियों से पुलिस ने अवैध हथियार, कारतूस और वारदात में प्रयोग की गई मोटरसाइकिल बरामद की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर



**झज्जर।** पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए डीसीपी क्राइम शुभम सिंह।

शहर की लाल चंद कॉलोनी स्थित दवा के थोक विक्रेता की दुकान पर फायरिंग करने मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा एक नाबालिग सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। डीसीपी क्राइम शुभम सिंह ने प्रेस वार्ता में बताया कि बीती पांच मई को मेडिकोज की दुकान पर दो बाइक सवार युवकों द्वारा दो राउंड फायरिंग की गई थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए मामले की जांच शुरू की गई।

उन्होंने बताया कि मामले में हरीश कुमार पुत्र न्यादर सिंह निवासी प्रिया कॉलोनी की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने तकनीकी संसाधनों, सीसीटीवी फुटेज तथा गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग सहित दो आरोपियों को पकड़ा है। पकड़े गए आरोपी की पहचान मोहित उर्फ चंद पुत्र सतवीर निवासी गांव सिसाना जिला सोनीपत के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी मोहित के खिलाफ पहले भी दो से तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपियों से वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल,एक अवैध हथियार तथा चार जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से अदालत के आदेशानुसार नाबालिग आरोपी को बाल सुधार गृह भेज दिया गया, जबकि आरोपी मोहित उर्फ चंद को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। मामले में शामिल तीसरे मुख्य आरोपी की पहचान भी पुलिस द्वारा कर ली गई है तथा उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

## रेलवे में नौकरी के नाम पर भाई-बहन से 12 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गांव नूना माजरा के भाई-बहन को रेलवे में नौकरी दिलाने का सपना दिखाकर 12 लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। तीन लोगों ने फर्जी मेडिकल, जाली ज्वाइनिंग लेटर और नकली भर्ती प्रक्रिया के जरिए झांसे में रखा। जब पीड़ित को धोखाधड़ी का पता चला और रुपये वापस मांगे गए तो जान से मारने की धमकी दी गई।

**रेलवे अस्पताल में मेडिकल करवा फर्जी ज्वाइनिंग लेटर दिया, स्टेशन पर बने ऑफिस में भी ले गए**

पीड़ित दीपांशु ने पुलिस को बताया कि गांव का एक युवक धर्म खुद को दिल्ली पुलिस में सिपाही बताता है। उसने मार्च माह में मुझे रेलवे में टीसी भर्ती कराने का भरोसा दिया। पवन और सोनीपत निवासी लेखराम से मुलाकात कराई। तीनों ने रेलवे में नौकरी के बदले 12 लाख की मांग की। आरोपियों ने शैक्षणिक दस्तावेज और तीन लाख रुपये लेने के बाद उसका दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित रेलवे अस्पताल में मेडिकल करवाया। कुछ दिन बाद डाक से ज्वाइनिंग लेटर भेजा गया। तब आरोपियों ने पांच लाख और ले लिए। उसे कोलकाता और बर्धमान स्टेशन ले जाया गया, जहां कार्यालय में दस्तावेज जमा करवाने और हस्ताक्षर कराने की प्रक्रिया पूरी करवाई गई। आरोपियों ने दीपांशु की बहन को रेलवे में स्टेशन मास्टर पद पर भर्ती कराने का झांसा देकर चार लाख रुपये और ऐंठ लिए। एक माह बाद उन्हें पता चला कि ज्वाइनिंग लेटर फर्जी हैं।

### सेक्टर-2 क्षेत्र की ग्रीन बेल्ट और पॉकेट का मामला उलझा

# नप को ग्रीन बेल्ट हैंडओवर में अतिक्रमण बना रोड़ा

**नप ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण को पहले अतिक्रमण हटवाने को कहा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



**बहादुरगढ़।** सेक्टर-2/3 के डिवाइडिंग रोड किनारे पड़ी भवन निर्माण सामग्री।

शहर के सेक्टर-2 क्षेत्र की ग्रीन बेल्ट और पॉकेट को नगर परिषद के हवाले करने की प्रक्रिया फिलहाल अतिक्रमण की वजह से अटक गई है। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण ने नगर परिषद को सेक्टर-2 की ग्रीन बेल्ट व संबंधित पॉकेट हैंडओवर करने के लिए पत्र भेजकर सूचित किया था, लेकिन नगर परिषद ने स्पष्ट कर दिया है कि 4268 रनिंग मीटर लंबी ग्रीन बेल्ट और 193 पेड़ों को अपने अधीन लेने से पहले मौके पर मौजूद अतिक्रमण हटाया जाए। विदित है कि सेक्टर-2/3 और सेक्टर-2/4 के 30 मीटर डिवाइडिंग रोड की ग्रीन बेल्ट के साथ ही 193 पेड़ भी हशविप्रा से नप को हस्तांतरित होंगे। सेक्टर 2-3 के डिवाइडिंग रोड पर 1173.50 और 1173.50 अर्थात कुल 2347 रनिंग मीटर ग्रीन बेल्ट है। जबकि सेक्टर 2-4 के डिवाइडिंग रोड पर 960.50 और 960.50 यानि कुल 1921 रनिंग मीटर ग्रीन बेल्ट है। हशविप्रा के होर्टिकल्चर डिविजन के एक्सईएन ने हैंडओवर लेने के लिए नप के ईओ पत्र लिखा है। स्थानीय निवासी राजबीर छिल्लर, प्रदीप रेढ़ू, परमजीत दलाल व प्रवीण कुमार आदि का मानना है कि ग्रीन बेल्ट क्षेत्र सार्वजनिक उपयोग और पर्यावरण संरक्षण के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण है। ऐसे में अतिक्रमण हटाकर इसे नगर परिषद को सौंपा जाना जरूरी है ताकि क्षेत्र का विकास, सौंदर्यीकरण और नियमित रखरखाव सुनिश्चित हो सके।

### पार्क पहले भी नप को दिए जा चुके

बता दें कि इससे पहले सेक्टर-2 के सभी अंदरूनी पार्क एचएसवीपी द्वारा नगर परिषद को सफलतापूर्वक हैंडओवर किए जा चुके हैं और उनकी देखरेख अब परिषद द्वारा की जा रही है। लेकिन ग्रीन बेल्ट के मामले में अतिक्रमण सबसे बड़ी चुनौती बनकर सामने आया है। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी संजय रोहिल्ला का कहना है कि जब तक ग्रीन बेल्ट क्षेत्र पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त नहीं होगा, तब तक उसका विधिवत हस्तांतरण संभव नहीं है। परिषद ने एचएसवीपी को इस संबंध में अवगत करा दिया है ताकि पहले अवैध कब्जों को हटाकर जमीन को साफ-सुथरी स्थिति में सौंपा जा सके।

### हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के 12वीं के नतीजे आए

# विज्ञान संकाय में वंशिका बनी टॉपर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा मंगलवार को घोषित बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में बीकेडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास की छात्रा वंशिका महाजन ने विज्ञान संकाय में 494 अंक हासिल करते हुए प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय संचालक जितेंद्र रोहिल्ला और प्राचार्या नीलम ने छात्रा की इस उपलब्धि पर उसके पिता राजेंद्र महाजन को बधाई देते हुए होनहार वंशिका के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस उपलब्धि पर वंशिका को द हाइट्स संस्था द्वारा सम्मानित किया गया। संस्था निदेशक नवींद्र कुमार ने बताया कि वंशिका उनके पास कोचिंग लेती है। उसने नई शिक्षा नीति के अनुसार अध्ययन करते हुए यह सफलता हासिल की। उन्होंने वंशिका को मिठाई खिलाकर इस सफलता की बधाई दी।




# भगवान शिव की भूमिका निभाएंगे रणवीर...

**मुंबई।** रणवीर सिंह अपनी फिल्मों में एक बड़ा बदलाव करने जा रहे हैं। वह एक प्रसिद्ध लेखक की शिव त्रयी (मेलुहा के अमर श्रृंखला) पर बनी फिल्म में नजर आएंगे। इस फिल्म में रणवीर भगवान शिव का किरदार निभाएंगे रणवीर ने अपनी प्रोडक्शन कंपनी मां कसम फिल्म्स के जरिए 'द इमॉर्टल्स ऑफ मेलुहा' के अधिकार खरीद लिए हैं। यह किताब और इसके दो सीक्वल प्राचीन मेलुहा राज्य में एक हिमालयी योद्धा की कहानी बताते हैं। रणवीर ने बिरला स्टूडियोज के साथ मिलकर इस कहानी को तीन बड़ी फिल्मों की श्रृंखला (त्रयी) के रूप में बनाने की योजना बनाई है। रणवीर काफी समय से इसकी कहानी को बड़े पर्दे पर लाना चाहते थे।

लाइफ Style



# प्रियंका

## मीरा की फिल्म अमरी में आएंगी नजर

प्रसिद्ध निर्देशक और निर्माता मीरा नायर अपनी नई फिल्म 'अमरी' लेकर आ रही हैं। यह फिल्म भारत की मशहूर पेंटर के जीवन और उनकी कला पर आधारित है। डॉक्यूमेंट्री फिल्मों से अपने निर्देशन कॅरियर की शुरुआत करने वाली मीरा नायर अब एक नई फिल्म लेकर आ रही हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इस फिल्म का नाम है 'अमरी'। इस फिल्म में प्रियंका चोपड़ा और जयदीप अहलावत के अलावा भी कई कलाकाल महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे। मीरा नायर की नई फिल्म 'अमरी' में मुख्य भूमिका में अंजलि शिवरामन अमृता शेर-गिल का किरदार निभाएंगी। एमिली वॉटसन उनकी मां मैरी-एंटोनेट का रोल करेंगी। जयदीप अहलावत उनके पिता उमराव सिंह शेर-गिल के किरदार में नजर आएंगे। क्रिस्टियन साकवारी विक्टर ईगन के रूप में नजर आएंगी। अंजना वासन इंदिरा शेर-गिल के रूप में और जिम सरभ कार्ल खंडालावाला के रूप में नजर आएंगे। इन सभी के अलावा प्रियंका चोपड़ा मैडम अजूरी के रोल में नजर आएंगी। प्रियंका चोपड़ा इस फिल्म की एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर भी हैं। मंगलवार को मीरा ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी नई फिल्म 'अमरी' का पहला लुक जारी किया है। अमृता शेर-गिल की कला ने मीरा नायर को बहुत प्रभावित किया है। एएनआई के अनुसार मीरा ने कहा, ''अमरी' अमृता शेर-गिल की कला से प्रेरित है। उन्होंने यूरोप में अच्छी ट्रेनिंग ली और फिर भारत की आत्मा को अपनी पेंटिंग में उतारा। उनके रंगों की हिम्मत और आम लोगों को चित्रित करने का तरीका मुझे हमेशा प्रभावित करता रहा है।'

## हॉलीवुड मसाला



# वन लाइफ... से मिली पहचान...

**लॉस एंजिल्स।** 'वन लाइफ टू लिव' और 'हाउ टू सरवाइव अ मैरिज' जैसी फिल्मों के लिए प्रसिद्ध अभिनेत्री जेनिफर हरमन का निधन हो गया है। जेनिफर ने 82 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कहा। जेनिफर हरमन लोकप्रिय टीवी शो 'वन लाइफ टू लिव' में 'कैथी' का किरदार निभाने के लिए जानी जाती थीं। वह इस भूमिका को निभाने वाली पांचवीं अभिनेत्री थीं। उन्होंने 1976 से 1978 तक यह रोल किया और इसके लिए डे-टाइम एमी अवॉर्ड के लिए नामांकन भी मिला था। इससे पहले उन्होंने 1974-75 में एनबीसी के शो 'हाउ टू सरवाइव ए मैरिज' में मुख्य भूमिका में नजर आई थीं।



# ब्रिटनी को हुई एक दिन की जेल, कबूला जुर्म

**लॉस एंजिल्स।** प्रिंसेस ऑफ पॉप कही जाने वाली अमेरिकन सिंगर-परफॉर्मर ब्रिटनी स्पीयर्स एक कानूनी पचड़े में फंस गई हैं। ब्रिटनी ने साउथ कैलिफोर्निया में शराब पीकर गाड़ी चलाने के मामले से जुड़े कम गंभीर आरोप में अपना जुर्म कबूल कर लिया। इसके बाद सिंगर को 12 महीने का प्रोबेशन और एक दिन के जेल की सजा सुनाई गई है।ब्रिटनी स्पीयर्स ने अपने वकील माइकल ए गोल्डस्टीन के जरिए वेंचुरा काउंटी सुपीरियर कोर्ट में अपना जुर्म कबूल किया। स्पीयर्स सुनवाई में मौजूद नहीं थीं, उनके वकील ने उनका प्रतिनिधित्व किया। इसके बाद वेंचुरा काउंटी कमिश्नर मैथ्यू नेमरसन ने ब्रिटनी स्पीयर्स को 12 महीने का प्रोबेशन और एक दिन की जेल की सजा सुनाई। उन्हें जरूरी जुर्माना भरने, राज्य द्वारा निर्धारित तीन महीने के ड्राइविंग अंडर इन्फ्लुएंस एजुकेशन प्रोग्राम को पूरा करने का भी आदेश दिया।



# महाकालेश्वर पहुंचीं तमन्ना आरती में दिखीं लीन


**मुंबई।** अभिनेत्री तमन्ना भाटिया मंगलवार को महाकाल के दर्शन करने पहुंचीं। उन्होंने उज्जैन के महाकालेश्वर में भस्म आरती में भाग लिया और प्रार्थना की। इस दौरान तमन्ना पूरी तरह से महाकाल की भक्ति में लीन नजर आईं। दर्शन करने के बाद उन्होंने अपने अनुभव को भावपूर्ण और आध्यात्मिक ऊर्जा से भरपूर बताया। उन्होंने कहा, 'इस स्थान पर तभी जाया जा सकता है, जब खुद महाकाल का बुलावा आता है। सभी के साथ बैठकर भस्म आरती देखने का मौका मिलना अपने आप में एक खास अनुभव है। यह एक ऐसा एहसास जिसे मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकती। यहां आकर मन को शांति मिलती है और अंदर सकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न होती है। यहां एक ऐसी ऊर्जा है, जिसे सबके साथ बैठकर महसूस करना वाकई आनंदित करता है। यहां आना मेरा सौभाग्य है।'



# वकील की भूमिका में होंगी सोनाक्षी...

**मुंबई।** अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा एक कोर्टरूम ड्रामा के साथ वापसी कर रही हैं। उनकी आगामी फिल्म 'सिस्टम' का ट्रेलर मंगलवार जारी कर दिया गया है। इस फिल्म में सोनाक्षी एक वकील की भूमिका में नजर आ रही हैं। फिल्म का ट्रेलर सत्ता, महत्वाकांक्षा और न्याय के टकराव की एक रोमांचक कानूनी लड़ाई की झलक दिखाता है। सिस्टम 22 मई से ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम करेगी। 2 मिनट के इस ट्रेलर की शुरुआत सोनाक्षी के किरदार नेहा से होती है। नेहा एक दृढ़ निश्चयी युवा वकील है और अपने पिता की लॉ फर्म में पार्टनर बनने के लिए खुद को योग्य साबित करने की कोशिश कर रही है। इसके लिए पिता (आशुतोष गोवारिकर) उसे एक कठिन केस लेने की चुनौती देते हैं। अपनी लड़ाई को मजबूत करने के लिए, नेहा सारिका (ज्योतिका) को अपने साथ लाती है।

## टीवी मसाला



# खतरों के खिलाड़ी में स्टंट करने में मेरी हालत होगी खराब...

**नई दिल्ली।** टीवी पर हमेशा हंसते, दूसरों को सहज महसूस कराते और हर मुश्किल पल को मजाक में बदल देने वाले ऋत्विक धनजानी इस बार खुद डर के बीच फंसे नजर आएंगे। दरअसल, ऋत्विक 'खतरों के खिलाड़ी 15' में बतौर कंटेस्टेंट हिस्सा लेने जा रहे हैं। लेकिन, दिलचस्प बात ये है कि 'खतरों के खिलाड़ी 15' में जाने से पहले ऋत्विक किसी माचो इमेज में फिट होने की कोशिश नहीं कर रहे। हाल ही में उन्होंने स्पष्ट कहा कि अगर मैं डरूंगा, तो वो दिखेगा भी। ऋत्विक ने अपने गेम प्लान, डर, स्टंट और मेडिटेशन के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने स्वीकार किया कि उन्हें आज भी ऊंचाई से डर लगता है। उन्होंने कहा, 'हाइट्स हमेशा से मेरे लिए थोड़ा ट्रिगर रही हैं। मैं उन लोगों में से नहीं हूं जो कैमरे के सामने ये दिखाएं कि मुझे किसी चीज से फर्क नहीं पड़ता। अगर डर है तो है। मैं उसे छिपाने वाला नहीं। मुझे लगता है लोग आज बहुत जल्दी नकली चीज पकड़ लेते हैं। इसलिए, मैं यहां कोई सुपरहीरो बनने नहीं आया हूं। मैं बस रियल रहना चाहता हूं। अगर किसी स्टंट में मेरी हालत खराब होगी, तो होगी। अगर मैं पैनिक करूंगा, तो वो भी दिखेगा।'जब उनसे पूछा गया कि क्या वो इस शो के जरिए अपनी कोई इमेज बदलना या तोड़ना चाहते हैं? इस पर एक्टर ने कहा, 'मैं कोई इमेज नहीं तोड़ना चाहता, क्योंकि सच कहूं तो मैंने कभी खुद को किसी इमेज में बांधा ही नहीं। लेकिन हां, लोग मुझे हमेशा हंसते हुए देखते हैं, मजाक करते हुए देखते हैं।

## अमीरों की चकाचौंध भरी जिंदगी में तांक-झांक!

**नई दिल्ली।** टेलीविजन की चर्चित जोड़ी करण कुंद्र और तेजस्वी प्रकाश काफी वक्त से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। इस चर्चित जोड़ी को फैंस खूब पसंद करते हैं। हाल ही में इन्हें 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' में देखा गया था। अब ये दोनों दुबई पहुंचे हैं। वे यहां बड़े-बड़े लोगों की जिंदगी से जुड़ी चीजों को करीब से देख रहे हैं। ऐसा वे अपने नए रियलिटी शो 'देसी ब्लिंग' के कारण कर रहे हैं, जिसका मंगलवार को ट्रेलर रिलीज हुआ है। 'देसी ब्लिंग' एक रियलिटी शो है, जो नेटफ्लिक्स पर आएगा। आज सोमवार को ओटीटी के दिग्गज प्लेटफॉर्म ने इसका ट्रेलर जारी किया है। इस शो में दरअसल, दुबई में रहने वाले अमीर भारतीयों को दिखाया जाएगा। उनकी लाइफस्टाइल, विचार और तौर-तरीके ट्रेलर के साथ ही इस शो की रिलीज डेट का भी पता चल गया है। इसका प्रीमियर 20 मई से नेटफ्लिक्स पर होगा। नेटफ्लिक्स ने ट्रेलर जारी करते हुए लिखा है, 'बुर्ज खलीफा जितने बड़े ड्रामा के लिए खुद को तैयार रखें।



# कान फिल्म फेस्टिवल में छाईं आलिया सामने आई पहली झलक ...

**लॉस एंजिल्स।** कान फिल्म फेस्टिवल का आगाज मंगलवार को ओपनिंग सेरेमनी के साथ हुआ। इस प्रतिष्ठित फिल्म समारोह में दुनियाभर की सिनेमा और फैशन जगत की चर्चित हस्तियां शामिल होती हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट भी यहां पहुंची हैं। कान फेस्टिवल से उनका एक लुक सामने आया है। आलिया भट्ट ने लाइट ग्रीन कलर का फ्लोरल कौर्सेट कैरी किया है, जो व्हाइट बॉलगाउन स्कर्ट सरीखा लग रहा है। आलिया का यह लुक बेहद रिफ्रेशिंग और स्टाइलिश है। एक्ट्रेस ने ग्लोबल मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व किया है। वे ग्लैमरस लुक में इतनी सहज और प्यारी लग रही हैं कि देखने वाले लोग तारीफें कर रहे हैं।आलिया ने व्हाइट बेस पर येलो, ग्रीन और ब्लू शेड वाले इस फ्लोरल लुक गाउन के साथ अपने हेयर स्टाइल को भी बेहद खास रखा है। उन्होंने हाईबन बनाया है। आलिया ने अपना लुक बेहद सिंपल रखा है। न उन्होंने गले में नेकलेस पहना है न कलाई पर कोई ब्रेसलेट या घड़ी। इसके बावजूद अपने दमदार अंदाज से उन्होंने लोगों का ध्यान खींचा है। आलिया भट्ट का कान फेस्टिवल का यह लुक सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और नेटिजंस के रिएक्शन सामने आ रहे हैं। एक्ट्रेस को सकारात्मक रिएक्शंस मिल रहे हैं। यूजर्स उन्हें डिज्नी प्रिंसेस बुला रहे हैं।



### ये भारतीय स्टार्स आएंगे नजर

इस साल कान फिल्म फेस्टिवल में नजर आने वाले भारतीय सितारों में आलिया भट्ट और तारा सुतारिया के अलावा ऐश्वर्या राय बच्चन, अदिति राव हैदरी, मौनी रॉय और करण जौहर के भी इस फेस्टिवल में पहुंचने की संभावनाएं हैं। फिल्म निर्माता पायल कपाड़िया को 65वें कान क्रिटिक्स वीक के जूरी का अध्यक्ष भी बनाया गया है।

## लकड़बग्घा-2 की होगी स्पेशल स्क्रीनिंग

**मुंबई।** अभिनेता और निर्देशक अंशुमन झा की फिल्म 'लकड़बग्घा 2 द मंकी बिजनेस' इस साल 79वें कान फिल्म फेस्टिवल के मार्चे दु फिल्म में स्पेशल स्क्रीनिंग के लिए तैयार है। फिल्म 'लकड़बग्घा 2' साल के आखिर में रिलीज से पहले अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रिलीज होने की तैयारी कर रही है। फिल्म 'लकड़बग्घा 2 द मंकी बिजनेस' को 79वें कान फिल्म फेस्टिवल में दिखाई जाएगी। 'लकड़बग्घा 2' भारत और इंडोनेशिया के बीच पहला आधिकारिक सह-निर्माण (को-प्रोडक्शन) है। इस फिल्म का निर्देशन अंशुमन झा ने किया है। फिल्म में सनी पैंग, डैन चुपोंग, आदिल हुसैन, सारा-जेन डायस और अंशुमन झा ने भी अभिनय किया है। अंशुमन झा ने बताया, 'पहली फिल्म कुत्तों के प्यार पर आधारित थी। दूसरी फिल्म 'द मंकी बिजनेस' इसे बढ़ाकर सभी जानवरों तक ले जाती है। जानवर इसलिए खत्म हो रहे हैं क्योंकि इंसानियत खत्म हो रही है। हम एक्शन को सिर्फ मार-पीट तक नहीं रखना चाहते, बल्कि इसमें गहराई और मकसद भी देना चाहते हैं।' अंशुमन झा की बहुप्रतीक्षित एक्शन फिल्म 'लकड़बग्घा 2 द मंकी बिजनेस' दिवाली 2026 पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म, जो 2023 की फिल्म का सीक्वल है, दिवाली 2026 पर नितेश तिवारी की 'रामायण भाग 1' के साथ बॉक्स ऑफिस पर क्लैश होगा।



## बॉम्बे स्टोरीज भी होगी प्रदर्शित

*मुंबई। कान फिल्म फेस्टिवल में मौनी रॉय शिरकत करने के लिए तैयार हैं। उनकी इंडो-अमेरिकन फिल्म 'बॉम्बे स्टोरीज' को समारोह में प्रदर्शित किया जाएगा। शाह काजमी द्वारा निर्देशित यह फिल्म सआदत हसन मंटो के उपन्यास पर 'बॉम्बे स्टोरीज' पर आधारित है। निर्देशक काजमी ने इस साल मार्चे डू फिल्म में फिल्म की स्क्रीनिंग की पुष्टि की। उन्होंने कहा, 'इसे कान्स फिल्म मार्केट में प्रदर्शित किया जाएगा। 19 मई को कान्स से और ज्यादा जानकारी जारी की जाएगी। हम पोस्टर लॉन्च भी कर रहे हैं। यह एक सशक्त महिला-केंद्रित फिल्म है जिसमें एक संदेश है। यह भारतीय उपमहाद्वीप के महानतम लेखकों में से एक द्वारा लिखित एक संकलन पर आधारित है।'निर्देशक ने कहा, "मेरी यात्रा 2016 में कान्स से शुरू हुई। जब हम मंटो की विभाजन संबंधी कहानियों पर आधारित फिल्म 'मंटोस्तान' (2017) बना रहे थे, तब मुझे इस फिल्म समारोह के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं थी। सौभाग्य से, हमें कान्स में जगह मिली और इस मंच ने हमें काफी पहचान दिलाई है।" फिल्म में मौनी के अलावा, अनुप्रिया गोयनका और सुष्मिता सिंह भी अहम किरदार में हैं। इसकी कहानी शहर की सेक्स वर्करों की जिंदगी पर आधारित है।*

## दशकों से भारतीय फिल्मों, कलाकारों और मेकर्स ने बनाई है अपनी अलग पहचान

# कान फिल्म फेस्टिवल में भारत का जलवा, रेड कार्पेट से अवॉर्ड तक का शानदार सफर

*नई दिल्ली। दुनिया के सबसे बड़े और प्रतिष्ठित फिल्म समारोहों में गिने जाने वाले कान फिल्म फेस्टिवल में भारतीय सिनेमा का सफर बेहद खास रहा है। दशकों से भारतीय फिल्मों, कलाकारों और फिल्ममेकर्स ने कान फिल्म फेस्टिवल में अपनी अलग पहचान बनाई है। कभी फिल्मों ने यहां तालियां बटोरीं, तो कभी भारतीय सितारों का रेड कार्पेट लुक चर्चा में रहा।*

### नीचा नगर बनी पहली भारतीय फिल्म




भारत ने पहली बार साल 1946 में कान फिल्म फेस्टिवल में हिस्सा लिया था। नीचा नगर पहली भारतीय फिल्म थी, जिसने कान में बड़ी सफलता हासिल की। फिल्म को उस समय फेस्टिवल का सबसे बड़ा सम्मान पाम डी ओर (तब ग्रैंड प्रिक्स) मिला था। यह भारतीय सिनेमा के लिए गर्व का पल था।


### सत्यजीत रे ने बढ़ाया भारत का मान



इसके बाद धीरे-धीरे भारतीय फिल्मों ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी मौजूदगी मजबूत करनी शुरू की। सत्यजीत रे की फिल्मों ने कान में भारत का नाम रोशन किया। उनकी कई फिल्मों को वहां सराहा गया और दुनियाभर के दर्शकों ने भारतीय कहानी कहने के अंदाज को पसंद किया।

### सलाम बॉम्बे ने बटोरी तारीफें

साल 1988 में 'सलाम बॉम्बे' ने कान में खूब तारीफें बटोरीं और कैमरा डी'ऑर अवॉर्ड जीता। इस फिल्म ने भारतीय सिनेमा को नई पहचान दिलाई। वहीं , मीरा नायरभी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चित हो गईं।



### भारतीय सितारों ने खींचा सबका ध्यान

कान फिल्म फेस्टिवल में सिर्फ फिल्में ही नहीं, भारतीय सितारों का फैशन और ग्लैमर भी हमेशा चर्चा में रहता है। ऐश्वर्या राय बच्चन, दीपिका पादुकोण, सोनम कपूर और प्रियंका चोपड़ा जैसे सितारों ने रेड कार्पेट पर अपने शानदार अंदाज से दुनियाभर का ध्यान खींचा।

### जब भारत को कंट्री ऑफ ऑनर चुना गया

साल 2022 भारत के लिए और भी खास रहा, जब भारत को कान फिल्म फेस्टिवल में कंट्री ऑफ ऑनर चुना गया। उसी साल दीपिका पादुकोण को जूरी सदस्य बनने का मौका मिला, जो भारतीय सिनेमा के लिए बड़ी उपलब्धि मानी गई।

### ऑल वी इमेजिन एज लाइट जैसी फिल्मों का शानदार प्रदर्शन

हाल के वर्षों में ऑल वी इमेजिन एज लाइट जैसी फिल्मों ने भी कान में शानदार प्रदर्शन किया और साबित किया कि भारतीय सिनेमा अब सिर्फ बॉलीवुड तक सीमित नहीं है, बल्कि उसकी कहानियां दुनियाभर के दर्शकों को प्रभावित कर रही हैं। आज कान फिल्म फेस्टिवल भारतीय सिनेमा के लिए सिर्फ एक मंच नहीं, बल्कि दुनिया के सामने अपनी कला, संस्कृति और कहानियों को दिखाने का सबसे बड़ा अवसर बन चुका है।

*नियमित करने सम्मानजनक वेतन, सुरक्षा उपकरण और सामाजिक सुरक्षा की मांग*

# ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**सभी कर्मचारी स्थानीय सीआईटीयू कार्यालय परिसर में एकत्रित हुए**



झज्जर। विरोध प्रदर्शन के दौरान उपस्थित ग्रामीण सफाई कर्मचारी व अन्य संगठनों के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि


झज्जर। नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए ग्रामीण सफाई कर्मचारी व अन्य संगठनों के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर

मंगलवार को ग्रामीण सफाई कर्मचारियों द्वारा नगर परिषद कार्यालय से अंबेडकर चौक तक अपनी लंबित मांगों को लेकर विरोध प्रदेशन किया गया। ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के जिला सचिव संदीप कुमार ने बताया कि सभी कर्मचारी स्थानीय सीआईटीयू कार्यालय परिसर में एकत्रित हुए। इसके उपरांत वे प्रदर्शन करते हुए नगर परिषद कार्यालय पहुंचे तथा वहां पिछले बारह दिनों से हड़ताल पर बैठे सफाई कर्मचारियों को समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मी रोजाना गंदगी के बीच काम करते हुए कई बीमारियों का सामना करते हैं, लेकिन उन्हें सम्मानजनक वेतन, सुरक्षा उपकरण और सामाजिक सुरक्षा तक नहीं मिलती। सरकार ठेकेदारी, पार्ट टाइम और डोर-टू-डोर व्यवस्था के जरिए सफाई कर्मियों से स्थायी काम करवाकर उन्हें कच्चे रोजगार में रख रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा सफाई कर्मियों के वेतन बढ़ाने, नए कर्मचारियों की भर्ती और कर्मचारियों को पक्का करने की घोषणा को अभी तक लागू नहीं किया गया। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के आदेश के बावजूद 10 वर्ष पूरे कर चुके कर्मचारियों को नियमित नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि बुधवार को राज्य स्तरीय बैठक का आयोजन कर आंदोलन को तेज करने की रणनीति बनाई जाएगी। इसके बाद ग्रामीण सफाई कर्मचारी विरोध प्रदर्शन करते हुए अंबेडकर चौक तक पहुंचे तथा अपनी लंबित मांगों के संबंध में नायब तहसीलदार अंशुल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कर्मचारियों ने नियमितीकरण, बढ़ा हुआ वेतन लागू करने, ईपीएफ-ईएसआई सुविधा, सेवानिवृत्ति सहायता और नई भर्तियों सहित कई मांगें सरकार के सामने रखीं। इस मौके पर सर्व कर्मचारी संघ के प्रधान रामवीर, सफाई कर्मचारी यूनियन के इकाई प्रधान शिवम चांवरिया, विकास उज्जैनवाल, ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के मातनहेल ब्लॉक प्रधान सुनील, राम भगत सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## सराय औरंगाबाद में घर के बाहर परिवार से मारपीट

**बहादुरगढ़।** सेक्टर-6 थाना क्षेत्र के गांव सराय औरंगाबाद में घर के बाहर दो भाइयों व उनके माता-पिता के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि कुछ युवकों ने रास्ता रोककर डंडों और हाथों से हमला किया तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

सराय औरंगाबाद के निवासी मनु का कहना है कि वह रविवार सुबह अपने भाई हर्ष के साथ कार में सवार होकर घर लौट रहा था। रास्ते में रुहिल सोसाइटी के सामने एक युवक काली बुलेट मोटरसाइकिल पर आया और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने अपने साथियों को बुलाने की धमकी दी। इसके बाद जब दोनों भाई घर के पास पहुंचे तो आरोपी अपने तीन-चार साथियों के साथ एक सैंट्रो कार और मोटरसाइकिल पर वहां पहुंच गया। हमारा रास्ता रोक लिया और मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर बाहर आए माता-पिता के साथ भी मारपीट की गई। मां को धक्का देकर गिराया गया। घटना की सूचना 112 नंबर पर दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। बताया जा रहा है कि पुलिस ने मौके से दो-तीन युवकों को हिरासत में लिया, जबकि कुछ आरोपी फरार हो गए। पीड़ित परिवार ने आरोपियों पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। घटना के बाद घायल परिवार सिविल अस्पताल बहादुरगढ़ पहुंचा, जहां उनका उपचार कराया गया। सेक्टर 6 थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है

# अपरा एकादशी व्रत का है विशेष महत्व : गुलशन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर


पंडित गुलशन शर्मा

■ भगवान विष्णु की पूजा करते समय व्रत कथा का पाठ करना अत्यंत शुभ माना जाता है

अपरा एकादशी ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि को रखा जाता है। जो भी भक्त इस व्रत को सच्चे मन से और विधि-विधान के साथ करता है, उसे अपार पुण्य की प्राप्ति होती है। उदय तिथि के अनुसार अपरा एकादशी का व्रत बुधवार को रखा जाएगा। भगवान विष्णु की पूजा करते समय व्रत कथा का पाठ करना अत्यंत शुभ माना जाता है। पंडित गुलशन शर्मा ने बताया कि सनातन धर्म में एकादशी व्रत का विशेष महत्व माना जाता है। मान्यता है कि श्रद्धा से एकादशी का व्रत रखने और पूजा करने से मन को शांति मिलती है और जीवन की परेशानियां कम होती हैं। माना जाता है कि जो भी व्यक्ति यह व्रत रखता है उसको जीवन में अपार तरक्की मिलती है और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

## पांडुलिपियों को डिजिटल पहचान मिलने से शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों को होगी आसानी

■ सर्वे कार्य को 15 जून तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने बताया कि देशभर में प्राचीन पांडुलिपियों, ताड़पत्रों एवं दुर्लभ अभिलेखों का सर्वेक्षण, प्रलेखन, संरक्षण एवं डिजिटलीकरण कर उन्हें शोधकर्ताओं, विद्यार्थियों एवं आमजन के लिए सुलभ पहुंच बनाने के उद्देश्य से ज्ञान भारतम मिशन चलाया जा रहा है। अभियान के तहत लगभग 75 वर्ष या उससे अधिक पुरानी पांडुलिपियों को प्राथमिकता दी जाएगी। सर्वे कार्य को 15 जून तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसे तय समय में टीमें पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पांडुलिपियों को डिजिटल पहचान मिलने से शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों को आसानी होगी।

# शुरसैनी घाट बनने पर जताया आभार


बहादुरगढ़। महाराजा शुरसैनी घाट पर मौजूद जसबीर व अन्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़

राष्ट्रीय सैनी सभा के हरियाणा अध्यक्ष जसबीर सैनी ने उत्तराखंड के रुड़की (हरिद्वार) में गंगा नदी पर महाराजा शुरसैनी के नाम से घाट बनवाने पर उत्तराखंड सरकार का आभार जताया है। इस घाट पर महात्मा ज्योतिबा फुले व सावित्रिबाई फुले की तस्वीर भी लगी है। उनके अनुसार जल्द गंगा तट पर स्वीकृत हुए महात्मा ज्योतिबा फुले घाट को भी बनवाया जाएगा। इस अवसर पर संदीप मास्टर, राजपाल सैनी, पंकज सैनी, प्रवीण कुमार, बजरंग सोनी, अनिल कुमार व ललित आदि मौजूद रहे।

# टूटे झूलों से बच्चों की मस्ती पर लगा ब्रेक

■ किला मोहल्ला स्थित लक्ष्मण दास बत्रा पार्क की स्थिति बदहाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। लक्ष्मण दास बत्रा पार्क में टूटे हुए झूले। फोटो : हरिभूमि

शहर के किला मोहल्ला स्थित लक्ष्मण दास बत्रा पार्क की स्थिति बदहाल है। पार्क में लगे बच्चों के झूले लंबे समय से टूटे पड़े हैं। झूलों की खराब हालत के कारण बच्चों की मस्ती पर ब्रेक लग गया है। अभिभावकों की चिंता के बावजूद अब तक न तो झूलों की मरम्मत कराई गई और न ही नए झूले लगाए गए। सुविधाओं के अभाव में लोगों को यहां निराशा का सामना करना पड़ रहा है। पार्क के एक हिस्से में तो अच्छी तरह से घास लगी हुई है, जबकि दूसरे हिस्से में कहीं-कहीं पर घास है। अच्छी गुणवत्ता की घास लगाकर उस हिस्से को भी पूरी तरह हराभरा बनाया जाए। किला मोहल्ला निवासी रमा, ममता खट्टर, कोमल खत्री, उमा खत्री, रुक्मणि नारंग व रेखा देवी आदि ने कहा कि पार्क में ओपन जिम स्थापित की जाए और एक सुंदर छतरी का निर्माण कराया जाए। ताकि बुजुर्ग, महिलाएं और अन्य लोग वहां बैठकर भजन-कीर्तन व सामाजिक गतिविधियां कर सकें। स्थानीय निवासियों ने नगर परिषद चेयरपर्सन और संबंधित अधिकारियों से जल्द पार्क का निरीक्षण कर आवश्यक सुधार कार्य करवाने की मांग की है।

## न्यूज डायरी

### करंट लगने से भैंस की मौत



**बहादुरगढ़।** गांव खैरपुर में मंगलवार को दर्दनाक हादसा हो गया। यहां करंट लगने से एक भैंस की मौत हो गई, जबकि दूसरी की हालत गंभीर है। घटना दोपहर करीब एक बजे की है। जानकारी के अनुसार, खैरपुर का निवासी दीपांशु अपनी तीन भैंसों और तीन कटिया को खेतों में चराने ले गया था। वहां खेतों में ट्रांसफार्मर के पास बिजली की तार लटक रही थी। भैंसे तारों के संपर्क में आ गई। मौके पर ही एक भैंस की करंट लगने से मौत हो गई, जबकि दूसरी भी झुलस गई। उसे कानोंदा के पशु अस्पताल में ले जाया गया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।



### मां को प्रसन्न रखना ही सबसे बड़ी पूजा : पवन कौशिक

**झज्जर।** महान विभूतियों के पीछे उनकी माताओं के श्रेष्ठ संस्कार होते हैं। भारतीय संस्कृति में मां को बहुत ऊंचा स्थान दिया गया हैं। भगवान श्री राम ने माता कौशल्या का सम्मान किया, भगवान श्री कृष्ण ने माता यशोदा के स्नेह को सर्वोपरि माना और मातृ-पितृ भक्त श्रवण कुमार के चरित्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कहते है जहां ईश्वर नहीं पहुंच सकते वहां मां पहुंचती हैं इसलिए ईश्वर ने मां को बनाया है। यह विचार बाबा कांशीगिरी महाराज मंदिर में मातृ दिवस के पावन अवसर पर मां भगवती के चरणों में नमन करते हुए पंडित पवन कौशिक ने व्यक्त किए। मां को प्रसन्न रखना ही सबसे बड़ी पूजा है। इस दौरान संगीता वर्मा, पूनम छाबड़ा, नारायणी सरदाना, इंदू भुगड़ा ने सामूहिक पाठ का संगीतमयी गायन किया।

### जिले की मंडियों में 94.3 प्रतिशत गेहूं का हुआ उठान



**झज्जर।** जिले की मंडियों में गेहूं उठान कार्य प्रगति पर है। डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने बताया कि जिले भर की सभी मंडियों व खरीद केंद्रों पर अब तक 94.3 प्रतिशत उठान हो चुका है। उन्होंने कहा कि अब तक जिले की मंडियों में गेहूं की 2 लाख 38 हजार 348 मीट्रिक टन की आवक दर्ज की गई है जबकि 2 लाख 25 हजार 607 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हो चुकी है। जबकि 2 लाख 12 हजार 736 मीट्रिक टन गेहूं उपज का उठान किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि खरीद एजेंसियों द्वारा स्टोरेज व्यवस्था को बेहतर ढंग से प्रबंधित किया जाए, जिससे खरीदी गई उपज का सुरक्षित भंडारण किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो और सभी कार्य सुचारू रूप से संपन्न किए जाएं।


झज्जर। कार्यक्रम में छात्राओं को जागरूक करते हुए पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

# विद्यार्थियों को किया यातायात नियमों की पालना करने के प्रति जागरूक

**झज्जर।** मंगलवार को पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में यातायात यूनिट और नशा मुक्ति टीम द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को बताया कि वाहन चलाते समय हमेशा यातायात नियमों का पालन करना चाहिए और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करना चाहिए और ना ही नशे में वाहन चलना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि पढ़ाई का कितना महत्व है पढ़ लिखकर आप अपने माता-पिता का नाम रोशन करने के साथ साथ अपने देश का भी नाम रोशन कर सकते हो। पढ़ाई के साथ-साथ खेलों का भी बहुत ही महत्व है इसलिए खेलों में भी बढ़ चढ़कर भाग ले। नशे और शरारती तत्वों से दूर रहे। पढ़ाई खेलकूद के साथ अपने माता-पिता के साथ भी टाइम बिताएं, अपने पूरे दिन की दिनचर्या अपने माता-पिता को बताएं और उनकी बातों पर पूरा अमल करें। इसके अलावा साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता ही साइबर क्राइम को रोक सकती है। इसलिए हमें किसी के साथ भी ओटीपी या किसी अनजान लिंक और बैंक से संबंधित गोपनीय जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए।

# टैलेंट हंट प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर

एलए सीनियर सैकेंडरी स्कूल में टैलेंट हंट कंपीटिशन का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों के बीच डांस, रंगोली मेकिंग, कलश डेकोरेशन प्रतियोगिताएं कराई गई। स्कूल प्राचार्या निधि कादियान व स्कूल प्रबंधक केएम डागर ने बताया कि ज्यूरी मेंबर के तौर पर अदिति कश्यप ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनिता गुलिया व नीलम दहिया ने विजेता प्रतिभागियों को मेरिट सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इस मौके पर स्कूल एचओडी रविंद्र लोहचब, पिंकी अहलावत, पुष्पा, आर्ट टीचर रितिका, डांस टीचर जितेंद्र, प्रियंका, सपना अहलावत सहित अन्य भी उपस्थित रहे।


झज्जर। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक एवं विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि



### ब्लॉक स्तर पर खोले गए मुफ्त कानूनी सहायता केंद्र

**झज्जर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के एडीआर सेंटर में मंगलवार को दहेज प्रथा के खिलाफ जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सीजेएम विशाल व सीटीएम रितु बंसीवाल ने की। सीजेएम विशाल ने बताया कि दहेज मांगना, लेना या देना गंभीर अपराध है इस बारे कानूनी जागरूकता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा ब्लॉक स्तर पर मुफ्त कानूनी सहायता केंद्र खोले गए हैं। जहां पर एक अधिवक्ता व एक पैरा लीगल वालंटियर की ड्यूटी लगाई गई है। वे महीने के प्रत्येक बुधवार व रविवार सुबह 9 बजे से 12 तक आमजन को निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करेंगे। उन्होंने पैरा लीगल वालंटियर को निर्देश दिए कि वह अपने आस-पास के गांवों में दहेज प्रथा के खिलाफ लोगों को जागरूक करें।

**सूचना**

मैं, राजेन्द्र पुत्र श्री फूल सिंह निवासी गली नंबर-4, आर्य नगर, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा-124507 बयान करता हूं कि मेरा पुत्र प्रवीण कुमार उर्फ मोनू व पुत्रवधु पूजा मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**ग्राम पंचायत दहकोरा, खंड बहादुरगढ़, जिला झज्जर (हरियाणा)**

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत दहकोरा ने जिला मत्स्य अधिकारी के पूरा खसरा नंबर-70, 71 कुल रकबा 8 एकड़ 2 कनाल 18 मरला पंचायती जमीन की बोली मत्स्य पालन हेतु दिनांक 26-05-2026 को सार्वजनिक चौपाल में प्रातः 11 बजे की जानी निश्चित की गई है। इच्छुक सज्जन समय पर पहुंचकर बोली में शामिल हों। बाकी की शर्तें मौके पर सुनाई जाएंगी।

कविता रानी (सरपंच)
ग्राम पंचायत दहकोरा, खंड बहादुरगढ़, जिला झज्जर
मोबाइल नंबर:- 9253142727

**एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में दो दिवसीय कैपसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम**

# शिक्षकों को किया लैंगिक संवेदनशीलता विषय पर जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर

**लैंगिक संवेदनशीलता हमें विद्यार्थियों में समानता और सम्मानजनक व्यवहार करने के लिए प्रेरित करती है**


झज्जर। कार्यक्रम में उपस्थित रिसोर्स पर्सन व शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में दो दिवसीय कैपसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम में विद्यालय के 60 शिक्षकों को लैंगिक संवेदनशीलता और सक्रिय अधिगम विषय पर जागरूक किया गया। प्राचार्या प्रीति राठी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में पहले दिन जहां रिसोर्स पर्सन नीलम कुमारी, ऋतुराज दहिया और मुकेश लता ने लैंगिक संवेदनशीलता विषय पर शिक्षकों से कहा कि लिंग के आधार पर किसी के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए। यह शिक्षा के माध्यम से जागरूकता पैदा कर समानता और समरसता विकसित करने की प्रक्रिया है। दूसरे दिन रिसोर्स पर्सन अर्पणा सिंह और सिमन रहेजा ने सक्रिय अधिगम विषय पर बताया कि सीखने की प्रक्रिया में शारीरिक और मानसिक रूप से शामिल होना ही सक्रिय अधिगम है। यह रटने की बजाय उसे अनुभव, विश्लेषण और अनुप्रयोग के माध्यम से आत्मसात करने का बेहतरीन तरीका है। एचडी ग्रुप सचिव हेमंत गुलिया ने अपने संबोधन में कहा कि लैंगिक संवेदनशीलता हमें विद्यार्थियों में समानता और सम्मानजनक व्यवहार करने के लिए प्रेरित करता है। यह अध्यापक और विद्यार्थी के बीच सीखने-सीखाने की प्रक्रिया को सुगम और सुदृढ बनाती है। इस मौके पर एचडी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया व सचिव विशाल नेहरा ने भी लैंगिक संवेदनशीलता तथा सक्रिय अधिगम विषय पर अपने मनोभाव व्यक्त किए।

## खबर संक्षेप

### एचएल सिटी में किया पौधारोपण

**बहादुरगढ़।** शहर से लेकर गांव तक धीरे-धीरे पेड़ पौधों की संख्या लगातार घटने लगी है। इसे देखते हुए मंगलवार को शहर की एचएल सिटी में पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर मनोज राठी ने बताया कि पौधारोपण को लोगों ने पर्यावरण के साथ ही अपने भविष्य व अगली पीढ़ी की समृद्धि से भी जोड़ दिया है। उन्होंने पौधरोपण के साथ साथ उसकी सुरक्षा को आवश्यक बताते हुए कहा कि उचित देखभाल नहीं करने के कारण अधिकांश पौधे बर्बाद हो जाते हैं। इसीलिए पौधे लगाकर उनकी देखभाल भी सुनिश्चित की जानी चाहिए।

### नेहरू कॉलेज के पूर्व जेएलए सत्यप्रकाश का निधन



**झज्जर।** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के सेवानिवृत्त जेएलए सत्यप्रकाश का ब्रेन ट्यूमर के कारण निधन हो गया। वे रिटायरमेंट के बाद भी कॉलेज को निःशुल्क सेवाएं देते रहे। प्राचार्य दलबीर सिंह ने बताया कि स्वर्गीय सत्यप्रकाश के पिताजी ने कॉलेज में 35 वर्ष तक सेवाएं दी और उनके भाई 20 वर्ष तथा स्वयं सत्यप्रकाश नेहरू कॉलेज में साढ़े 39 साल तक कार्यरत रहे। उनके निधन पर कॉलेज के सभी स्टॉफ सदस्यों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

### फिर तीखे तेवर दिखा रही गर्मी, चढ़ा पारा

**बहादुरगढ़।** मई के शुरुआती दिनों में राहत के बाद अब गर्मी ने फिर से तीखे तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री पर पहुंच गया। न केवल अधिकतम बल्कि न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोतरी हो रही है। दोपहर को जहां चिलचिलाती धूप और गर्म हवा परेशान कर रही हैं, वहीं रात को भी गर्मी का असर देखने को मिल रहा है। बढ़ती गर्मी के कारण लोगों की दिनचर्या पर प्रभाव पड़ा है। दोपहर के वक्त अब चहल पहल कम हो गई है। लोग बाजारों, सड़कों पर जाने से बच रहे हैं।

### दुकान से चोरी के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**झज्जर।** कुलाना स्थित दुकान से चोरी करने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी माछरौली राम अवतार ने बताया कि नितिन निवासी पाटौदा की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। आरोपी की पहचान सुरेश निवासी अहरी जिला झज्जर के तौर पर की गई है। आरोपी से वारदात में प्रयोग बोलोरो गाड़ी, बैट्री और लोहा बोर्ड बरामद किया गया है। आरोपितयों को स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर मोहा मन

# मानवता की सच्ची सेवा का प्रतीक हैं नर्सें : डॉ. महिपाल



झज्जर। शिक्षकों व विद्यार्थियों के साथ उपस्थित डॉक्टर महिपाल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के उपलक्ष्य में संस्कारम कॉलेज ऑफ नर्सिंग खातीवास द्वारा संस्कारम यूनिवर्सिटी के डीएलसी ऑडिटोरियम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। उन्होंने मनमोहक नृत्य प्रस्तुति, प्रेरणादायक भाषण तथा सामाजिक संदेश देने वाले रोल प्ले के माध्यम से सभी अतिथियों और उपस्थित लोगों का दिल जीता। प्रस्तुतियों में नर्सों के संघर्ष, सेवा भावना और समाज में उनके अमूल्य योगदान को बहुत ही सुंदर तरीके से दर्शाया गया।

यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉक्टर महिपाल ने विद्यार्थियों से कहा कि नर्स केवल एक प्रोफेशन नहीं बल्कि मानवता की सच्ची सेवा का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन और सेवा भावना के साथ अपने कर्त्तव्यों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ नर्सिंग रोहतक की डीन प्रोफेसर सुनीता कुमारी ने विद्यार्थियों को नर्सिंग प्रोफेशन के महत्व बारे विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को कंपेशनेट केयर डेडीकेशन और प्रोफेशनल एथिक्स का महत्व भी समझाया। नागरिक अस्पताल की इंफेक्शन कंट्रोल नर्सिंग ऑफिसर अंजू चाहर ने विशेष पॉडकास्ट सेशन के माध्यम से विद्यार्थियों को कोविड-19 के दौरान इन्फेक्शन कंट्रोल की भूमिका बारे जागरूक किया। इस मौके पर प्राचार्य रवींद्र व्यास ने सभी मुख्य अतिथियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं आयोजन समिति सदस्यों का आभार जताया।

### 66 नर्सिंग व सीनियर नर्सिंग अधिकारियों को प्रशंसा पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया



**झज्जर।** अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस पर स्थानीय नागरिक अस्पताल परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिप चेयरमैन कप्तान बिरधाना ने बतौर मुख्यातिथि और सीएमओ डॉक्टर मंजू कादियान ने विशिष्टातिथि के तौर पर शिरकत की। मंच संचालन नर्सिंग एसोसिएशन की प्रदेश उप प्रधान कविता गुलिया ने किया। उन्होंने बताया कि फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्म दिन को अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दौरान मुख्यातिथि ने सीएमओ व नर्सिंग कैडर के साथ केट काट कर फ्लोरेंस नाइटिंगेल को याद किया। इस दौरान अपने संबोधन में कप्तान बिरधाना ने नर्सिंग अधिकारी के गुणों की विस्तार से जानकारी दी। सीएमओ डॉक्टर मंजू कादियान ने अस्पताल में कार्यरत नर्सिंग अधिकारियों की विशेष रूप से सराहना की। इस दौरान जिले में कार्यरत 66 नर्सिंग व सीनियर नर्सिंग अधिकारियों को प्रशंसा पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर सुदेश राठी, संतोष, मीना, प्रमिला, भावना, रेनु, ममता, प्रियंका, सरला, मंजू रोहिला, प्रवेश, सुनैना, मिनाक्षी, पिंकी, मुकेश सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## नर्स फ्लोरेंस नाइटिंगेल को दी श्रद्धांजलि

■ कोविड-19 महामारी के दौरान भी नर्सिंग स्टाफ ने चिकित्सकों के साथ फ्रंटलाइन पर रहकर दिन-रात सेवा दी।



**बहादुरगढ़।** अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर शहर के नागरिक अस्पताल में नर्सिंग ऑफिसर्स ने कार्यक्रम आयोजित कर आधुनिक नर्सिंग सेवा की जनक फ्लोरेंस नाइटिंगेल को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उनकी तस्वीर के समक्ष कैंडल जलाकर और केक काटकर उनके सेवाभाव व मानवता के प्रति योगदान को याद किया गया। नर्सिंग ऑफिसर्स ने कहा कि फ्लोरेंस नाइटिंगेल ने अपना जीवन गरीबों, बीमारों और जरूरतमंदों की सेवा को समर्पित किया तथा नर्सिंग पेशे को समाज में सम्मानजनक पहचान दिलाई। वक्ताओं ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं नर्सिंग स्टाफ के बिना अधूरी हैं। मरीजों की देखभाल से लेकर उनके स्वस्थ होने तक नर्सिंग ऑफिसर पूरी जिम्मेदारी और समर्पण के साथ कार्य करते हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान भी नर्सिंग स्टाफ ने चिकित्सकों के साथ फ्रंटलाइन पर रहकर दिन-रात सेवा दीं।

## भारत विकास परिषद ने किया नर्सों का सम्मान



**बहादुरगढ़।** भारत विकास परिषद की बहादुरगढ़ शाखा ने अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के उपलक्ष्य में नेताजी नगर स्थित अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में नर्सों को सम्मानित किया। साथ ही केक काटकर मशहूर नर्स फ्लोरेंस नाइटिंगेल का जन्मदिन मनाया। भाविप पदाधिकारियों ने मंगलवार को स्टाफ नर्स मंजू कुमारी, अमरदीप, सोनम खत्री, सोनिया, रीतिका शर्मा और राजेश कुमारी को सम्मानित किया। जिला समन्वयक सतीश शर्मा और पार्षद प्रवीण छिल्लर ने कहा कि यह दिन नर्सों के साहस को याद करने का अवसर है। शाखा अध्यक्ष रमेश गुप्ता और पूर्व अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने कहा कि एक मरीज की जान बचाने में नसर्स का भी डाक्टर जितना योगदान होता है। एसएमओ डॉ. मधूप सेठी, डॉ. रोहित और डॉ. रवि ने भी नर्सों को बधाई दी। इस अवसर पर सुमेर सिंह समेत अन्य नागरिक मौजूद रहे।

## मेहनती अभ्यर्थियों को हो रहा बड़ा नुकसान

# नीट परीक्षा रद्द होने से रोष भविष्य को लेकर बढ़ी चिंता

अभिभावकों और जागरूक नागरिकों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

नीट परीक्षा रद्द किए जाने की घोषणा के बाद परीक्षार्थियों, उनके अभिभावकों और जागरुक नागरिकों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। लंबे समय से परीक्षा की तैयारी कर पेपर देने वाले छात्रों को अचानक मिली इस सूचना ने मानसिक तनाव दे दिया। अभिभावक भी बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं। बार-बार होने वाली गड़बड़ियों का सबसे बड़ा नुकसान उन मेहनती अभ्यर्थियों को हो रहा है, जिनका चयन तय माना जा रहा था।

### मानसिक दबाव बढ़ा



3 मई को आयोजित नीट यूजी-2026 परीक्षा देने वाली श्वेता मान का कहना है कि उन्होंने महीनों की कड़ी मेहनत, कोचिंग और नियमित पढ़ाई के बाद परीक्षा के लिए खुद को तैयार किया था, लेकिन परीक्षा रद्द होने से उन्हें निराशा हुई है। दोबारा तैयारी करना बेहद मुश्किल होगा। उन्होंने इसे मानसिक दबाव बढ़ाने वाला फैसला बताया है।

### मनोबल होता है कमजोर



नगर पार्षद भूपेंद्र प्रीति राठी ने भी परीक्षा प्रबंधन पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस तरह की अनिश्चितता से बच्चों का मनोबल कमजोर होता है। उनका कहना है कि बार-बार प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक होने और रद्द होने से विद्यार्थियों के करियर पर असर पड़ता है। पढ़ाई का फ्लो दोबारा बनाने में समय लगेगा, जो इस तनावपूर्ण समय में बहुत कीमती है।

### 22 से 25 लाख छात्र प्रभावित



वैशाली अरुण खत्री के अनुसार पेपर लीक और धांधली के आरोपों के बाद नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा परीक्षा रद्द करने से छात्रों में भारी रोष है। इस फैसले से लगभग 22 से 25 लाख छात्र प्रभावित हुए हैं, जिन्हें अब दोबारा परीक्षा देनी होगी। मेहनत करने वालों का मनाबल टूट रहा है।

### पारदर्शिता बेहद जरूरी



ललिता राठी का मानना है कि प्रतियोगी परीक्षाओं में समयबद्धता और पारदर्शिता बेहद जरूरी है, क्योंकि लाखों छात्र अपने भविष्य के लिए इन परीक्षाओं पर निर्भर रहते हैं। सालों की मेहनत करने के बाद परीक्षा का रद्द होना छात्रों के लिए मानसिक आघात जैसा है।

# विद्यार्थियों ने सीखी हस्तशिल्प की बारीकियां

## मॉडल संस्कृति रावमावि में हस्तशिल्प प्रशिक्षण में विद्यार्थियों ने दिखाया उत्साह





बहादुरगढ़। बच्चों को वुडन कार्विंग की बारीकी समझाते चंद्रकांत बोंदवाल और कार्यक्रम में हस्तशिल्प कला का प्रशिक्षण प्राप्त करते विद्यार्थी।

वुडन कार्विंग में नेशनल अवॉर्ड प्राप्त चंद्रकांत बोंदवाल, टेराकोटा में स्टेट अवॉर्ड प्राप्त ममता त्रिपाठी, पेंटिंग शिल्प विशेषज्ञ लक्ष्य तथा ज्वेलरी शिल्प विशेषज्ञ रिंकू ने विद्यार्थियों को दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर के मॉडल संस्कृति राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित हस्तशिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन भी विद्यार्थियों में उत्साह और जिज्ञासा देखने को मिली। विभिन्न क्षेत्रों से आए अनुभवी शिल्पकारों ने बच्चों को भारतीय पारंपरिक हस्तशिल्प कला की बारीकियों से अवगत कराया और उन्हें रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। बता दें कि भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के अंतर्गत रेवाड़ी स्थित हस्तशिल्प सेवा केंद्र के विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान वुडन कार्विंग में नेशनल अवार्ड प्राप्त चंद्रकांत बोंदवाल, टेराकोटो में स्टेट अवार्ड प्राप्त ममता त्रिपाठी, पेंटिंग शिल्प विशेषज्ञ लक्ष्य तथा ज्वेलरी शिल्प विशेषज्ञ रिंकू ने विद्यार्थियों को काष्ठ कला, टेराकोटा, पेंटिंग और ज्वेलरी शिल्प के विभिन्न पहलुओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। स्कूल की आर्ट टीचर रश्मि वर्मा के अनुसार शिल्पकारों ने बच्चों को बताया कि किस प्रकार मिट्टी, रंगों और सजावटी सामग्री का उपयोग कर आकर्षक कलाकृतियां तैयार की जाती हैं। विद्यार्थियों ने स्वयं इन कलाओं में हाथ आजमाते हुए सुंदर वस्तुएं बनाने का अनुभव प्राप्त किया। बच्चों को डिजाइनिंग, आकार निर्माण और सजावट की तकनीक समझाई गई। टेराकोटा पेंटिंग में पारंपरिक मिट्टी कला को आधुनिक रंगों के साथ प्रस्तुत करने की विधि सिखाई गई। ज्वेलरी शिल्प के अंतर्गत विद्यार्थियों ने हस्तनिर्मित आभूषण बनाने की प्रक्रिया, डिजाइन चयन और कलात्मक संयोजन की जानकारी हासिल की। प्रिंसिपल मंजू रानी ने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, सांस्कृतिक समझ और स्वरोजगार की संभावनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900



# यातायात नियमों का पालन करने की नसीहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

देश में हर वर्ष डेढ़ लाख से भी ज्यादा मृत्यु सड़क दुर्घटनाओं से होती है

शहर के लिटिल स्टार पब्लिक स्कूल में यातायात नियमों को लेकर सेमिनार का आयोजन किया गया। प्राचार्या ज्योति कौशिक की अध्यक्षता में हुए सेमिनार में ट्रैफिक एसएचओ इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने विद्यार्थियों को यातायात के नियमों के बारे में बताया। उनके अनुसार भारत में हर वर्ष डेढ़ लाख से भी ज्यादा मृत्यु सड़क दुर्घटनाओं से होती है। हमें यातायात के नियमों का पालन अपनी

यातायात नियमों

और दूसरों की सुरक्षा के लिए करना चाहिए। सत्येंद्र दहिया ने भी यातायात के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन करने से हम भी सुरक्षित रहते हैं और हादसा होने की संभावना भी कम हो जाती है। इस अवसर पर मुकेश वशिष्ठ व धर्म सिंह आदि उपस्थित रहे। उन्होंने भी बच्चों को प्रेरित किया।

## प्रधानमंत्री द्वारा सोना कम खरीदने की सलाह पर स्वर्णकारों ने उठाए सवाल

# छोटे व्यापारियों व कारीगरों के सामने खड़ा हो सकता है संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोना खरीदने को लेकर की गई अपील पर स्वर्णकार समाज में नाराजगी देखने को मिल रही है। कारोबारियों का कहना है कि पहले से ही महंगाई और बढ़ती कीमतों के कारण आभूषण बाजार प्रभावित है, ऐसे में सोना कम खरीदने की सलाह छोटे व्यापारियों तथा कारीगरों के लिए संकट खड़ा कर सकती है। स्वर्णकार समाज ने सरकार से सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए फैसले और अपील करने की मांग की है।

### आम आदमी से सोना दूर



अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष पवन वर्मा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय डॉलर की मजबूती, वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता, आयात निर्धारित निर्भरता के कारण सोना आम आदमी की पहुंच से दूर होता जा रहा है। ऐसे में सोना कम खरीदने की सलाह सीधे-सीधे छोटे कारोबारियों को हतोत्साहित करती है। भारत में सोना केवल धातु नहीं है। यह भारतीय संस्कृति, परंपरा और सामाजिक सुरक्षा का हिस्सा है। मध्यमवर्गीय परिवार थोड़े-थोड़े पैसे कर गहनों की व्यवस्था करते हैं, ताकि बच्चों की शादी के काम आ सकें।

### रोजगार ठप होगा



उपाध्यक्ष बजरंग सोनी ने कहा कि एक-एक एमपी, एमएलए को कई-कई पेंशन मिलती है। कई भत्ते, पेट्रोल, सस्ता खाना सहित अन्य सुविधाएं मिलती हैं। सारी उम्मीदें और बंदिशें आम जनता और छोटे व्यापारियों पर ही क्यों? थोड़ा बहुत राष्ट्रहित कार्य कुर्सी पर बैठने वालों को भी करना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोग सोना नहीं खरीदेंगे तो स्वर्णकार खाली बैठ जाएंगे। हमारे परिवारों और कारीगरों का क्या होगा? पीएम मोदी से अपील है कि वे सभी वर्गों के हितों का ख्याल रखते हुए कोई भी कदम उठाएं या अपील करें।

### सैलरी कैसे देंगे



अनिल वर्मा ने कहा कि लोग आभूषण नहीं खरीदेंगे तो व्यापारी कहां जाएंगे, अपने वर्कर्स की सैलरी कहां से देंगे और लोन की किश्त, बयाज कहां से चुकाएंगे। एक और अहम बात ये कि जिस परिवार में शादी है, उसे तो सोना खरीदना ही है। हां, इतना हो सकता है कि बिना जरूरत के लोग आभूषण खरीदने से परहेज करें। लेकिन जनता सोने को सेफ इन्वेस्टमेंट के तौर पर देखती है। सोने के दाम तीव्र गति से बढ़ रहे हैं। यदि एक साल बाद सोना ढाई लाख रुपये तौला पर पहुंच गया तो इसका जिम्मेदार कौन होगा।

### ग्राहक पहले ही कम



शिव कुमार ने कहा कि सोने के दाम वैसे ही लगातार बढ़ रहे हैं। बढ़ती कीमतों के कारण मध्यमवर्गीय ग्राहक कम हो गए हैं। पहले के मुकाबले काम काफी कम है। सोना इतनी सस्ती चीज नहीं कि कोई बिना वजह खरीद ले, केवल जरूरत पर ही लोग खरीदते हैं। इसके अलावा कुछ लोग रेट बढ़ने की आशंका के चलते इधर-उधर से पैसों की व्यवस्था कर थोड़ी बहुत खरीदारी करते हैं, ताकि बच्चों के काम आ सके। प्रधानमंत्री को बहुत बड़ी आबादी फॉलो करती है। ऐसी स्थिति में उनकी अपील पर लोग खरीदारी नहीं करेंगे तो आभूषण कारोबारियों की कमर टूट जाएगी।